# फलिीपींस के पूर्व राष्ट्रपतिका ICC ट्रायल

[स्रोत: द हिंदू](#)

[अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC)](#) द्वारा न्यायेतर हत्याओं (2011-2019) सहित मानवता के खिलाफ कथित अपराधों के लिये **फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते** के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

- दुतेर्ते ICC में आरोपों का सामना करने वाले **एशिया के पहले पूर्व राष्ट्राध्यक्ष** हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):

- **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC): वर्ष 1998 के रोम संविधि** के तहत स्थापित और वर्ष 2002 से कार्यरत, अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) गंभीर अपराधों पर मुकदमा चलाने वाला पहला स्थायी अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय है, जिसका मुख्यालय **हेग, नीदरलैंड** में है।
- **अधिकार क्षेत्र:** यह **1 जुलाई, 2002** को या उसके बाद किये गए **नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध तथा आक्रामकता के अपराधों** के लिये मुकदमा चलाता है।
- **प्रवर्तन एवं वारंट:** ICC के पास अपना स्वयं का **प्रवर्तन निकाय** नहीं है तथा गिरफ्तारी, स्थानांतरण, संपत्ति जब्त करने और सजा प्रवर्तन के लिये यह **वैश्विक सहयोग** पर निर्भर है।
    - इसके **वारंट सदस्य देशों के लिये बाध्यकारी हैं,** तथा गैर-अनुपालन की स्थिति में मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भेजा जा सकता है, लेकिन **गैर-सदस्य देश** इसके लिये बाध्य नहीं हैं।
- **स्वतंत्रता:** यह एक अलग समझौते के तहत **संयुक्त राष्ट्र (UN)** से स्वतंत्र रूप से कार्य करता है।
- **सदस्यता:** ICC के **125 सदस्य** देश हैं, **जिनमें भारत, अमेरिका, चीन, रूस और इज़रायल** जैसी प्रमुख शक्तियाँ गैर-सदस्य हैं।
- **संरचना:** इसमें **18 न्यायाधीश (9 वर्ष का कार्यकाल)**, एक **स्वतंत्र अभियोजक कार्यालय, तथा पीड़ितों के लिये** ट्रस्ट फंड, हिरासत केंद्र, तथा **राज्य दलों की सभा** जैसे प्रमुख निकाय शामिल हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में अंतर

| | अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of justice-ICJ) | अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (International Criminal Court- ICC) |
|---|---|---|
| **स्थापना** | **वर्ष 1945** | **वर्ष 2002** |
| **UN संबंध** | संयुक्त राष्ट्र का आधिकारिक न्यायालय, जिसे आमतौर पर 'विश्व न्यायालय' के रूप में जाना जाता है। | स्वतंत्र रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से केस रेफरल प्राप्त कर सकता है। |
| **मुख्यालय** | **हेग (नीदरलैंड्स)** | **हेग (नीदरलैंड्स)** |
| **मामलों के प्रकार** | यह राष्ट्रों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकृत अंगों तथा विशेष एजेंसियों द्वारा निर्दिष्ट कानूनी प्रश्नों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार सलाह देता है। | व्यक्तियों का आपराधिक मुकदमा |
| **विषय-वस्तु** | संप्रभुता, सीमा और समुद्री जल विवाद, व्यापार, प्राकृतिक संसाधन, मानव अधिकार, संधि उल्लंघन, संधि व्याख्या आदि | अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय सामान्यतः नर-संहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण का अपराध जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की जाँच करता है। |
| **वित्तपोषण** | संयुक्त राष्ट्र द्वारा वित्तपोषित | रोम संविधि के पक्षकारों द्वारा योगदान; संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वेच्छिक योगदान; विभिन्न देशों की सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, निजी व्यक्तियों और निगमों द्वारा स्वेच्छिक योगदान |

**और पढ़ें:** अंतरराष्ट्रीय आपराधकि न्यायालय (ICC)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/former-philippines-president-s-icc-trial